स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 22.12.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

स्वच्छता ऐप्प डाउनलोड कराने महापौर, आयुक्त पहुंचे कोचिंग सेंटर

भिलाईनगर/ स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 में भिलाई निगम को अग्रणी बनाने के लिए मोबाईल ऐप्प डाउनलोड कराने महापौर देवेन्द्र यादव, आयुक्त के.एल.चौहान जोनल मार्केट सेक्टर 10 डॉ. संतोष राय कोचिंग सेन्टर, स्नेप फिटनेस जीम पहुंचकर पांच सौ से अधिक छात्र–छात्राओं एवं खिलाड़ियों को डाउनलोड करवाये। आईसीडब्ल्यु फाईनल ईयर के छात्र अभिषेक कुमार राय ने महापौर देवेन्द्र यादव से पुछा कि मोबाईल ऐप्प डाउनलोड कराने के क्या फायदें है तो महापौर ने बताया कि जिस कार्य को करवाने लिए आपको आवेदन देना पड़ता है उसी कार्य को मोबाईल ऐप्प के माध्यम से निगम को भेजेने से चौबीस घण्टे के अंदर समस्या का समाधान निगम द्वारा किया जायेगा अब जमाना हाई टेक हो गया है हमसब के सहयोग से ही भिलाई को बेहतर रैंक मिलेगा।

आयुक्त के.एल. चौहान ने जब बच्चों से पुछा कि भिलाई की जनसंख्या कितनी है और कौन सा शहर स्वच्छता रैंकिंग में पिछले वर्ष नम्बर–01 आया तो कोई भी छात्र ठीक से जवाब नहीं दे पाया इस पर चौहान ने बताया कि हमारी जनसंख्या सात लाख के लगभग है उसमें 1350 कर्मचारी कैसे पुरे शहर को स्वच्छ रख सकतें हैं इंदौर शहर अगर नम्बर–01 बना है तो इसमें सभी नागरिकों की महत्वपूर्ण भागीदारी है जिसमें युवाओं का विशेष रुपे से। आईआईटीएन दिल्ली के अमन कुमार ने पुछा हम किस प्रकार से सहयोग कर सकतें हैं इस पर आयुक्त ने बताया कि आप लोग अपने समस्या का निराकरण होने के बाद मोबाईल ऐप्प के माध्यम से वोटप करें जिससे भिलाई नगर निगम का रैंकिंग बढ़ेगा, जनता की संतुष्टि एवं भागीदारी से ही हम अपने भिलाई को स्वच्छ भिलाई बना सकतें हैं। स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर्स डॉ. संतोष राय ने अपने छात्रों को रोज 5–5 समस्या का फोटो खिचकर भेजने को कहा।

प्रभारी अध्यक्ष स्वास्थ्य लक्ष्मीपति राजू, आयुक्त चौहान के साथ स्नेप फिटनेस जीम में पहुंचकर वहॉ खिलाड़ियों को मोबाईल ऐप्प डाउनलोड करवाकर उन्हे स्वच्छ भारत अभियान में सहयोग के लिए बताते हुए कहा कि कहीं पर भी कचरा, डस्टबीन भरा हुआ, मरा हुआ जानवर, नाली की सफाई, सिवरेज की समस्या आदि दिखे तो उसका ऐप्प के द्वारा फोटो खिचकर भेजें समस्या का समाधान समय में निगम द्वारा की जावेगी। हमसब खिलाड़ियों का भी दायित्व होता है कि अपनी बॉडी फिटनेस के साथ–साथ अपने शहर को भी स्वच्छ रखें।

जन सम्पर्क विभाग

TAKE THE BLUE GREEN PLEDGE
FOR SOURCE SEGREGATION
DR. SANTOSH RAI INST. (P.C.)
Ph - 0788- 4012438 / 9425557979